Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 02-08-2005

Participants : Gehlot Shri Thawar Chand

an>

Title: Need to start work for construction of a bypass on National Highway No. 3 at Shajapur, Madhya Pradesh. – Laid.

श्री थावरचंद गेहलोत (शाजापुर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राट्रीय राज्य मार्ग क्रमांक-3 आगरा-मुंबई राजमार्ग के नाम से जाना जाता है। पर शाजापुर शहर के लिए बाईपास एवं उक्त मार्ग पर पड़ने वाली लखुन्दर नदी और उसके पास एक और अन्य नदी पर दो पुल निर्माण एवं इसी मार्ग के मक्सी स्थित रेलवे लाइन क्रासिंग पर एक रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण करने हेतु स्वीकृति आदि की प्रक्रिया केन्द्र सरकार के राट्रीय राजमार्ग एवं परिवहन मंत्रालय के पास पिछले लगभग 10 सालों से लंबित है। जमीन आदि अधिग्रहीत की जा चुकी है। अब के वल स्वीकृति प्रदान करने और निर्माण कार्य प्रारंभ करने की महति आवश्यकता है।

अतः मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि उक्त मार्ग पर बाईपास, पुल एवं रेलवे ओवर ब्रिज आदि प्रस्तावित कामों के लिए शीघ्रातिशीघ्र स्वीकृति एवं काम प्रारंभ करवाने का कट करें।